>

Title: Need to introduce more train services between Navsari and Umargam, Gujarat.

श्री मणिभाई रामजीभाई चौधरी (बलसाड़) : उपाध्यक्ष महोदय, यातायात के साधनों में सड़क यातायात सबसे महंगा और कटदायक होता है, लेकिन देश के गरीब किसानों, मजदूरों को इसी का सहारा ज्यादातर लेना पड़ता है। गुजरात में स्थित बलसाड जनपद इससे अछूता नहीं है। आदिवासी व हरिजन बहुल क्षेत्र के लोग गरीबी में जीवनयावन करने को मजबूर हैं। वापी, गुदलाब देश के सबसे बड़े औद्योगिक क्षेत्र हैं, जहां पर यहां के लोग मजदूरी करने के लिए जाते हैं, लेकिन यहां पर रेल यातायात न होने के कारण लोगों को सड़क यातायात का सहारा लेना पड़ता है। â€¦ (व्यवधान)

श्री राजो सिंह (बेगूसराय) : उपाध्यक्ष महोदय, क्या आप हमें समय नहीं देंगे। जो लोग बराबर सुबह से बोल रहे हैं, उन्हीं को आप बोलने के लिए एलाऊ कर रहे हैं और समय दे रहे हैं।

उपाध्यक्ष महोदय : राजो सिंह जी, जब आप नोटिस देंगे, तो आपका नाम भी आएगा और यदि बैलट में आपका प्रस्ताव आएगा ही नहीं, तो मैं आपको बोलने के लिए कैसे समय दूं।

श्री मणिभाई रामजीभाई चौधरी : उपाध्यक्ष महोदय, परिणाम स्वरूप उनकी आमदनी का बहुत बड़ा हिस्सा खर्च हो जाता है। कभी-कभी ऐसा भी होता है कि बस का साधन न मिलने के कारण वे कार्यस्थल तक भी नहीं पहुंच पाते हैं। इन्हीं कठिनाइयों को देखते हुए वहां के सामाजिक कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि नवसारी से उमरगाम के बीच मेमोट्रेन चलाने, गुजरात एक्सप्रैस को अमलसाड और सौराट्र जनता को विल्लीमोरा में रोकने के लिए बराबर मांग करते आ रहे हैं क्योंकि अमलसाड चीकू का व्यापारिक् केन्द्र है और विल्लीमोरा से रोजी-रोटी हेतु लोगों को मुम्बई आना जाना पड़ता है।

अतः मेरा माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि नवसारी से उमरगाम मेमोट्रेन चलाने तथा अमलसाड व विल्लीमोरा में गुजरात एक्सप्रैस, सौराट्र जनता का क्रमशः ठहराव देने की कृपा करें ताकि गरीबों की समस्या का निदान हो जाए।